**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–05.10.2024** **(संध्या 1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जारी किया किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त, नौ करोड़ 40 लाख किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से डाले गए दो–दो हजार रुपये।**
2. **झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने जारी किया संक्षिप्त घोषणा पत्र, गो गो दीदी योजना के तहत प्रत्येक महिला को हर महीने 2100 रुपए और हर परिवार को 500 रूपये में उपलब्ध कराया जाएगा एलपीजी गैस।**
3. **राज्य में पांच वर्ष में पांच लाख युवाओं को रोजगार देगी भाजपा, प्रत्येक स्नातक और स्नातकोत्तर पास बेरोजगार युवकों को दो वर्ष के लिए प्रतिमाह दिया जायेगा 2000 रूपये का युवा साथी भत्ता।**
4. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आरोप –राजनीतिक लाभ के लिए लोगों को झूठे आश्वासन दे रही है भाजपा।**
5. **मौसम विभाग ने रांची, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला समेत राज्य के कई हिस्सों में आज और कल बारिश और वज्रपात का जताया पूर्वानुमान, येलो अलर्ट जारी।**

**समाचार विस्तार से**

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के वाशिम से किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त जारी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश भर में नौ करोड़ 40 लाख से अधिक किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि का प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिला है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार किसानों के उत्थान के लिए संकल्पित है।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान लगभग तेईस हजार तीन सौ करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। ये परियोजनाएं कृषि और पशुपालन क्षेत्र से संबंधित हैं। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद थे।

****************

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने आज संक्षिप्त घोषणा पत्र जारी किया। रांची में घोषणा पत्र जारी करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर गो गो दीदी योजना के तहत प्रत्येक महिला को हर महीने की ग्यारह तारीख को 2100 रुपए खाते में दिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि लक्ष्मी जोहार योजना के तहत सभी घरों में 500 रूपये में एलपीजी गैस सिलिंडर उपलब्ध कराया जाएगा।

श्री मरांडी ने बताया कि भाजपा युवाओं के लिए पांच वर्ष में पांच लाख युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराएगी।

श्री मरांडी ने बताया कि राज्य में प्रत्येक स्नातक और स्नातकोत्तर पास बेरोजगार युवाओं को दो वर्ष के लिए 2000 रूपये युवा साथी भत्ता के रूप में प्रतिमाह दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के तहत 21 लाख घरों का निर्माण किया जाएगा।

घोषणा पत्र जारी करते समय भाजपा के चुनाव प्रभारी सह केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा भी मौजूद थे।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया है कि विपक्ष की नजर राज्य की खनिज संपदाओं पर है और ये हेलीकॉप्टर से पूरे झारखंड में मंडरा रहे हैं। श्री सोरेन आज पूर्वी सिंहभूम जिले में नवनिर्मित एमजीएम अस्पताल के उदघाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के एजेंट गांव–गांव में सीधे साधे लोगों को झूठा आश्वासन दे रहे हैं।

***************

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चम्पाई सोरेन ने दावा किया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत होगी और सरकार भी बनेगी। श्री सोरेन आज सरायकेला–खरसावां में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों से आदिवासियों के अस्तित्व पर खतरा है। श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड की बहू बेटियों को बचाना है तो भाजपा को सत्ता में लाना जरूरी है।

***************

केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जीतेन्द्र सिंह ने युवाओं से सशक्त और आत्मनिर्भर विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने का आह्वान किया है। श्री सिंह ने आज रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट सभागार में विकसित भारत–2047 विषय पर युवा कनेक्ट कार्यक्रम में युवाओं से संवाद किया और उन्हें देश के नवनिर्माण के लिए प्रेरित किया।

***************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि पत्रकारिता का दायित्व सिर्फ सूचना देना नहीं है, बल्कि यह समाज को जागरूक करने और उनके अधिकारों तथा कर्तव्यों के प्रति मार्गदर्शन प्रदान करने का भी माध्यम है। श्री गंगवार आज रांची में एक दैनिक समाचार पत्र की ओर से आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

***************

जामताड़ा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गोत्सव को लेकर वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

***************

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असर झारखंड में दिखने लगा है। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में आज और कल बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान रांची, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला समेत कई जिलों में गरज और वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

***************

रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में खेली जा रही 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के छठे दिन उत्तराखंड और मणिपुर ने अपने–अपने मैच जीते। आज खेले गये पहले मैच में उत्तराखंड ने केरल को एक के मुकाबले तीन गोल से पराजित किया। वहीं दूसरे मैच में मणिपुर ने असम को 06–03 से पराजित किया।

***************